हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 19 मई 2024

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

06 अवैध कट्टा, कारतूस समेत हथियार बनाने की सामग्री...



07 पुलिस की भूमिका संदिग्धः नाबालिग...



## खबर संक्षेप

### निःशुल्क जूडो एवं आत्म सुरक्षा के लिए प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ

**सागर।** निःशुल्क जूडो एवं आत्म सुरक्षा प्रशिक्षण शिविर 20 मई से 5 जून सागर जिला जूडो संघ के द्वारा आयोजित किया जा रहा है। जिसमें सागर जिले के सभी वर्ग के बालक बालिकाएं एवं महिला पुरुष निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। उक्त शिविर साहू धर्मशाला, इंदिरा नेत्र चिकित्सालय के पास खुरई रोड़ सागर, समय शाय 5:30 से 7 बजे सायं तक चलेगा। यह जानकारी सागर जिला जूड़ो संघ के सचिव, एवं मुख्य प्रशिक्षक दीपक कुमार ने दी।

### मप्र राज्य कुश्ती अकादमी चयन ट्रायल 30 एवं 31 को भोपाल में

**सागर।** मप्र शासन खेल और युवा कल्याण विभाग भोपाल द्वारा संचालित मध्यप्रदेश राज्य कुश्ती खेल अकादमी के लिए प्रतिभा चयन कार्यक्रम का आयोजन 30 एवं 31 मई को संचालनालय खेल और युवा कल्याण विभाग, टी.टी. नगर स्टेडियम भोपाल में किया जा रहा है। जिले के इच्छुक खिलाड़ी जिनकी आयु 31 मई की स्थिति में 12 से 16 वर्ष के मध्य हो तथा राज्य एवं राष्ट्रीय खिलाड़ियों के लिए 12 से 18 वर्ष के मध्य हो वे कुश्ती खेल अकादमी के चयन हेतु मुख्य प्रशिक्षक महासिंह राव, मो.नं. 9868119398 एवं सहा.प्रशिक्षक रेखारानी मो.नं. 8950863330 पर संपर्क कर पंजीयन करा सकते है, संचालनालय खेल और युवा कल्याण विभाग, टीटी नगर स्टेडियम भोपाल में मूल दस्तावेज-जन्म प्रमाण पत्र, अंकसूची, निवासी प्रमाण पत्र, आधार कार्ड साथ लेकर पंजीयन कराकर चयन प्रक्रिया में भाग ले सकते है।

### सेवा निवृत नवीन सक्सेना का किया गया सम्मान

**सागर।** गोपालगंज बुंदेलखंड विकास मंच सागर द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान की अभिनव श्रृंखला के अंतर्गत एमपीईबी से सेवा निवृत्त हुए नवीन सक्सेना का सम्मान समारोह मेडीकल कॉलेज रोड पर स्थित पंगत सभागार में किया गया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ नागरिक हरिनारायण शुक्ला कोषाध्यक्ष श्यामलम रहे। अध्यक्षता डॉ यूएस पांडे ने की। रमाकांत मिश्रा शास्त्री, राजीव श्रीवास्तव, अभिलाष मिश्रा ने उद्बोधन दिया। स्मृति चिन्ह का वाचन डॉ राजू सेन ने किया। मुख्य अतिथि हरी शुक्ला एवं बसंत श्रीवास्तव, राजेन्द्र मिश्रा, हरवंश गिरि ने स्मृति चिन्ह तथा शाल श्रीफल अनूप असाटी, अन्नू शुक्ला, सुधीर तिवारी ने भेंट किया।

### बस स्टैंड नए स्थान पर शिफ्ट होने से शहर की यातायात व्यवस्था में आया सुधार

**सागर।** पुराने प्राइवेट और सरकारी बस स्टैंड नये आरटीओ कार्यालय के बाजू में चले जाने के कारण शहर के बीचों बीच स्थित बसस्टैंड पर आने वाली बसों के बंद होने से शहर की यातायात व्यवस्था में काफी सुधार हुआ है क्योंकि बसों के आने और जाने से यातायात अवरोध होता था और हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती थीं, साथ ही साथ बसस्टैंड के बाजू में डिग्री कॉलेज होने से दिनभर बसस्टैंड पर अनाउंसमेंट और शोरगुल होने के कारण बच्चियों की पढ़ाई भी प्रभावित होती थी, विशेष कर स्कूल, कॉलेज की छुट्टी के समय उसी रास्ते से बच्चों का जाना होता था और रास्ते से बसों का आना-जाना होता था जिसके कारण हर समय दुर्घटना की संभावना रहती थी। जुलूस या प्रदर्शन के समय पुलिस को भारी मशक्कत करके ट्रैफिक को सुचारू बनाना पड़ता था लेकिन अब न्यू आरटीओ के पास बस स्टैंड क्र. 1 और लेहदरा नाका के पास बस स्टैंड क्र. 2 प्रारंभ हो जाने से इन समस्याओं से शहर वासियों और शहर में आने-जाने वाले नागरिकों को सुविधा प्राप्त हुई है और बसस्टेण्ड क्रमांक 1 से प्रतिदिन 300 से अधिक बसें रोजाना रवाना हो रही हैं जिनमें हजारों की संख्या में यात्री अपने गंतव्य पर आ-जा रहे हैं।

विश्व संग्रहालय दिवस के अवसर पर जिला पुरातत्व संग्रहालय सागर में आयोजित हुआ कार्यक्रम

# सागर में मिले पुरातत्व अवशेष और साक्ष्य गौरव शाली समृद्ध संस्कृति व इतिहास के हैं साक्षी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



विश्व संग्रहालय दिवस के अवसर पर पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय भोपाल के तत्वावधान में शनिवार को जिला पुरातत्व संग्रहालय तीन मढ़िया सागर में अपर कलेक्टर रुपेश उपाध्याय एवं नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री की उपस्थिति में गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारत के प्राचीन स्मारक नाम से आयोजित इस कार्यक्रम में बीके श्रीवास्तव, प्रोफेसर नागेश दुबे, डॉ मकसूद अहमद कादरी, रजनीश जैन, अतुल जैन, दामोदर अग्निहोत्री सहित सागर के तमाम इतिहासकार, लेखक, छात्र-छात्रायें एवं इतिहास में रूचि रखने वाले नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस दौरान भारत के प्राचीन इतिहास को प्रदर्शित करती तस्वीरों की गैलरी का अपर कलेक्टर एवं नगर निगम आयुक्त ने अन्य अतिथियों के साथ रिवीन काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने भारत के प्रसिद्ध मोनोमेंट्स सहित सागर के मोनोमेंट्स के छायाचित्र की प्रदर्शित गैलरी का अवलोकन किया।

अपर कलेक्टर एवं जिला नोडल पुरातत्त्व विभाग रुपेश उपाध्याय ने सभी आँगनतुको को शुभकामनायें देते हुये कहा की सागर जिले और इसके समृद्ध इतिहास को जानने के लिए एक परिचर्चा हेतु आयोजित इस कार्यक्रम में इतनी बड़ी संख्या में आप सब की उपस्थिति ने इसे सफल बनाया है। हम सब मिलकर सागर के गौरवशाली इतिहास से जुड़े पुरातत्त्व अवशेष और धरोहरों को सहेजने का कार्य करेंगे। सागर में पुरातत्व पर्यटन की अपार संभावना है और इसके लिए रुटमेप बनाने का कार्य किया जा रहा है। सागर के पुरातत्त्व स्थलों का ग्रामवार सर्वे आरकियोंलॉजी विभाग द्वारा किया गया है। इन स्थलों को व्यवस्थित विकसित करने की दिशा में कार्ययोजना बनाई जा रही है। साथ ही सागर में ऐसा कला केंद्र स्थापित करने हेतु प्रयास हो रहा है जहाँ मंचन और पपेट शो आदि माध्यम से नागरिकों को इतिहास से जोड़कर जागरूक बनाया जा सके। उन्होंने जिला पुरातत्त्व संग्रहालय में उपस्थित सभी से कहा की आपके घर पर रिश्तेदार या कोई भी गेस्ट आये तो आप उन्हें यह म्यूजियम अवश्य घुमाने लायें और सागर के समृद्ध इतिहास से परिचित करायें। उन्होंने कला संस्कृति की चर्चा करते हुये बुंदेलखंड के प्रसिद्ध राई नृत्य की शास्त्रीय कला को अलग पहचान दिलाने हेतु सागर को केंद्र बनाकर कार्य करने की बात कही।

नगर निगम आयुक्त सह कार्यकारी निदेशक स्मार्ट सिटी राजकुमार खत्री ने कहा की वर्तमान और भविष्य में अपने को दृढ़ता से स्थापित करने के लिए इतिहास को जानना समझना बहुत आवश्यक है। संस्कृति और संस्कार को आगे बढ़ाने में इतिहास महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। संग्रहालयों में आने के बाद लोग अपने को इतिहास से जोड़ पाते हैं और अधिक जानने की जिज्ञासा उत्पन्न होती है। पुरातत्व अवशेष, शिलालेख, किताबें, लेखन और अन्य इतिहास को संग्रह करने का कार्य लोगों के जीवन की दशा और दिशा परिवर्तन में महत्वपूर्ण होते हैं। सागर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा जिला पुरातत्व संग्रहालय में पुनर्विकास कर इसे अत्याधुनिक और डिजिटल बनाया गया है। यहां उपलब्ध कराया गया डिजिटल कंटेंट विजिटर्स सहित अधिक से अधिक लोगों को सागर के इतिहास से जोड़ेगा। डियोरामा दीवार और अन्य इतिहास को उजागर करने वाली रोचक चीजें यहां उपलब्ध हैं आप सब अपने परिवार सहित यहां विजिट करें। इसके साथ ही सागर में कुआँ, बाबड़ी, ऐतिहासिक छतरी, बंजारा झील आदि को सुंदर बनाकर भविष्य के लिए सहेजने का कार्य किया जा रहा है। सागर नगर निगम क्षेत्र में पुरातत्व का संरक्षण हमारी प्रथमिकता है और इसके लिए निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं।

इतिहासकार और पत्रकार रजनीश जैन ने कहा की स्मार्ट सिटी के द्वारा शहर के पुरातत्त्व स्थलों को सहेजने सवारने का सराहनीय कार्य किया गया है। जिला पुरातत्व संग्रहालय में बेहतर व्यवस्थायें हुई हैं। यहां बहुत प्राचीन शिव, विष्णु, बुद्ध एवं जैन प्रतिमाओं सहित नाग प्रतिमायें व्यवस्थित और सुरक्षित रखी गई हैं। सागर के पास ही सतगढ़ कढ़ान्द क्षेत्र में 1890 के मोनोमेंट्स मिले हैं उन्हें भी यहां सुरक्षित रखा जायें।

डॉ मकसूद अहमद कादरी ने कहा की सागर और आसपास मध्य पाषाण काल के पहले के पुरातत्व अवशेष साक्ष्य के रूप में मिले हैं। प्रगेतिहासिक काल के शीप और घोंघे के टूल्स भी मिले हैं इसका मतलब हैं की उस समय भी सागर में मनुष्य की गतिविधियां रहीं हैं। सागर में 400 ईशापूर्व के सिक्के, शंकरगढ व धमोनी के अभिलेख, एरण स्थल, आबचंद आदि अनेक उदाहरण हमारे समृद्ध इतिहास से परिचित कराते हैं।

सागर ट्रेकर ग्रुप से अतुल जैन ने कहा की स्मार्ट सिटी द्वारा पुरातत्त्व संरक्षण की दिशा में जबरजस्त कार्य किया जा रहा है इसका सबसे बड़ा उदाहरण लाखा बंजारा झील है। उन्होंने बताया लगभग हिमालय के निर्माण से भी पहले के वन सागर में हैं सागर का निर्माण ज्वालामुखी प्रवाह से हुआ है। और इसी कारण बंजारा झील का ऐसा आकार है। सागर के आस-पास रॉक पेंटिग से भी पुराने पत्थरों पर खुदाई कर बने चित्र और अन्य लेख आदि मिले हैं। इन सभी पुरातत्व अवशेष को संरक्षित कर हम भारत की ऐतिहासिक समृद्धि सुनिश्चित कर सकते हैं।

प्रोफेसर नागेश दुबे ने बताया की इन संग्रहालयों से इतिहास की प्रमाणित जानकारी मिलती है। सागर जिले में 32 किले खोजे गए हैं जिन्हें संरक्षित करना हम सब रहवासियों की जिम्मेदारी है। हमें अपने इतिहास पर गौरव होना चाहिए। क्योंकि गुलामी के लम्बे दौर के बाद भी भारत की समृद्ध संस्कृति जस के तस है कोई भी आक्रमणकारी इसे पूरी तरह समाप्त नहीं कर सका है।

वरिष्ठ लेखिका शरद सिंह ने कहा की लोगों में इतिहास के प्रति जागरूकता लाने के लिए डिजिटल कंटेंट के साथ अधिक से अधिक प्रचार होना चाहिए। जिला पुरातत्व संग्रहालय के गाइड सुजीत गोस्वामी ने सभी का आभार व्यक्त किया।



## खड़े ट्रक में जा घुसी कार, पति-पत्नी एक बच्ची की मौत, पुत्र गंभीर घायल

**सागर।** सागर जिले के मालथौन थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर तेज रफ्तार से आ रही फार्च्यूनर कार सड़क किनारे खड़े ट्रक में जा घुसी, दुर्घटना में कार सवार पति पत्नी और एक बच्ची की मौत हो गई, जबकि एक बच्चा गंभीर रूप से घायल है । घटना में फार्च्यूनर कार के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए। थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह ने बताया कि मालथौन थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे 44 की है। जहां बरोदिया कलां वायपास रोड पर होटल राजविराज के पास साइड में खड़े ट्रक के पीछे कार क्रमांक सीजी 16 एन 0023 जा घुसी । दुर्घटना में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई है । सूचना मिलने पर मौके पर पहुँची पुलिस ने बड़ी मसक्कत के बाद कार में सवार दंपती पति पत्नी संपत सहारन और सविता सहारन को मृत अवस्था मे बाहर निकाला । जबकि कार में मौजूद दो बच्चों को मालथौन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजा गया था। जहां इलाज के दौरान एकता सहारन की मौत हो गई। शनि को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया है थाना प्रभारी योगेन्द्र सिंह दांगी ने बताया कि मृतक दंपति बच्चों सहित रायपुर से हरियाणा जा रहे थे। दुर्घटना ग्रस्त कार में मिले परिचय पत्र से मृतकों की पहचान की गई है। मृतक सम्मत सहारन नेशनल मीडिया फाउण्डेशन, नई दिल्ली मीडिया से जुड़ा व्यक्ति बताया गया है । फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है ।



## मां हरसिद्धि ललिता धाम में रात्रि जागरण एवं भंडारा 22 को, महिदपुर से संत आचार्य बलराम दावडे आएंगे

**सागर।** शास्त्री वार्ड स्थित माँ हरसिद्धि ललिता धाम में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले वार्षिक उत्सव (भंडारा एवं रात्रि) जागरण कार्यक्रम के 24वां वर्ष हर्ष और उल्हास पूर्ण, मानने को लेकर शास्त्री वार्ड स्थित सिद्ध श्री क्षेत्र जय मां हरसिद्धि मां ललिता धाम परिसर में धाम समिति की बैठक हुई। बैठक का संचालन कार्यक्रम संयोजक एवं धाम समिति अध्यक्ष अंकित सनकत (जिला मंत्री भाजयुमो जिला सागर) ने किया। अंकित सनकत ने बताया कि समिति द्वारा मनाया जा रहा यह कार्यक्रम का 24वां वर्ष है। जिसमें संत अतिथि के रूप में महिदपुर जिला उज्जैन से परम पूज्य आचार्य पं.श्री बलराम दावडे महाराज का शुभ आगमन हो रहा है। स्वामी जी के सानिध्य में इस वर्ष का कार्यक्रम हवन पूजन, कन्या पूजन, कन्याभोज, महाआरती और भंडारा संपन्न होगा एवं रात्रि जागरण सारेगामा म्यूजिकल ग्रुप सागर के द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। धाम संस्थापक राकेश सनकत ने समस्त सनातन धर्म के अनुयायियों, माता, बहनों एवं युवा साथियों से आग्रह किया है कि दिनांक 22 मई दिन बुधवार को कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पधार कर धर्म लाभ अर्जित करें। बैठक में प्रमुख रूप से धाम समिति के समस्त पदाधिकारी गण और सनातन धर्म संगठनों के सदस्य उपस्थित रहे।

# पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह के जन्मदिवस की पूर्व वेला में दूसरे दिन 471 यूनिट रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



पूर्व गृहमंत्री खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह के जन्मदिवस की पूर्व बेला में आयोजित तीन दिवसीय वृहद रक्तदान शिविर के द्वितीय दिवस का शुभारंभ उनके 8 परिजनों ने ही रक्तदान करके किया। दूसरे दिन प्रातः 9 बजे से शुरू हुई रक्तदान की प्रक्रिया में शाम तक 471 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ है। 100 रक्तदाताओं ने शुरुआती दो घंटे में ही रक्तदान कर दिया। आज सागर जिले के अलावा दमोह जिले से भी रक्तदाता आए और 20 से अधिक महिला रक्त वीरांगनाओं ने भी रक्तदान किया। पूर्व मंत्री सिंह के परिजनों में वरिष्ठ भाजपा नेता लखन सिंह, अभिनव सिंह, वैभव सिंह, राज सिंह, अंकित सिंह, शुभांश सिंह, विशु सिंह, देवांश सिंह ने सबसे पहले रक्तदान की शुरुआत की। वृहद रक्तदान शिविर के दूसरे दिन रक्तदाताओं का उत्साह चरम पर दिखा। प्रात 9 बजे से 11 बजे तक ही सैकड़ों रक्तदाता दीपाली परिसर में रक्तदान कर चुके थे और यह निरंतरता देर शाम तक जारी थी। वृहद रक्तदान के लिए व्यवस्थाओं से सुसज्जित दूसरा हाल भी पूरी तरह भरा रहा। पूर्व मंत्री सिंह ने अपने संदेश में रक्तवीरों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मेरी व्यक्तिगत अनुपस्थिति में उनके सभी शुभचिंतकों ने और अधिक जवाबदेही से आयोजन में योगदान दिया है, जिसे भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि जन्मदिन को सार्थक आयोजन में परिवर्तित करने के लिए वे सभी का हृदय से धन्यवाद करते हैं। रक्तदान का महात्म्य बताते हुए सिंह ने कहा है कि देश में वर्षभर में 1.30 करोड़ यूनिट रक्त की आवश्यकता होती है। जबकि हम सिर्फ 90 लाख यूनिट रक्त ही एकत्रित कर पाते है। यह वास्तव में चिंताजनक है। पर दुर्भाग्यवश हम में से अधिकांश को इसका आभास तभी होता है जब हमारा अपना कोई रक्त के लिए जीवन और मौत के बीच संघर्ष कर रहा होता है। रक्तदान करने पर आप किसी परिवार के लिए भगवान बन जाते हैं।

उन्होंने बताया कि एक बार रक्तदान से आप तीन व्यक्तियों को जीवन बचा सकते है। क्योंकि आपके द्वारा दान किए गये रक्त से रेड ब्लड सेल, प्लेटलेट्स व प्लाज्मा अलग किया जाता है। जोकि आवश्यकता अनुसार अलग अलग लोगों को चढ़ाया जाता है। सिंह ने कहा कि देश में प्रतिवर्ष 80 हजार थैलेसीमिया से पीड़ति बच्चे जन्म लेते है। जिन्हें आजीवन खून की आवश्यकता पड़ती है। इससे पीड़ति बच्चों को महीने में दो बार रक्त चढ़ाया जाता है।

### एनसीसी दिवस को डीजी कमेंडेशन कार्ड पुरस्कार दिया गया

**सागर।** 7 मप्र बालिका बटालियन एनसीसी कार्यालय में ले. नेहा जैन जो कि एसवीएन यूनिवर्सिटी सागर के सहयोगी एनसीसी अधिकारी हैं उन्हें कैप्टन का रैंक लगाया गया एवं 24 नवम्बर को एनसीसी दिवस को डीजी कमेंडेशन कार्ड के पुरस्कार की घोषणा की गई थी जो शनिवार को प्रदान किया गया। यूओ रिया गर्ल्स पीजी कालेज सागर की एनसीसी कैडेट एवं एस यू ओ रिया अहिरवार शासन कला एवं वाणिज्य कालेज सागर की एनसीसी कैडेट जिसने आर डी सी 2024 में कर्तव्य पथ दिल्ली में अच्छा प्रदर्शन किया, जिसमें एन सी सी निदेशालय म.प्र. एवं छ. को प्रस्तुत किया। महा विद्यालय द्वारा कैडेट के सरहायनी कार्य की प्रशंसा की गई एवं पुरुषकित किया गया। एनसीसी सागर के कमान अधिकारी कर्नल आदित्य जे पाल द्वारा प्रशंसा पत्र एवं मेडल प्रदान किया गया।



## डेयरी विस्थापन योजना अंतर्गत 18 पशुओं को पकड़कर शहर से बाहर गोशाला भेजा

**सागर।** सागर नगर की स्वच्छता एवं यातायात व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देशानुसार पशु विचरण मुक्त क्षेत्र सागर से डेयरियों एवं आवारा पशुओं को शहर से बाहर करने की कार्रवाई पुनः प्रारंभ की गई है जिसके तहत शनिवार को तीन मढ़िया से कटरा बाजार, गोपालगंज एकता कॉलोनी पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज ग्राउंड पीली कोठी के आसपास मुख्य मार्गों पर विचरण कर रहे 18 आवारा सांड एवं गायों को पकड़कर नगर निगम के वाहन द्वारा श्यामा गौशाला राजघाट एवं सीहोरा गौशाला भेजने की कार्रवाई की गई। नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने सभी जोन प्रभारियों को निर्देश दिये है कि शहर के मुख्य मार्गों पर आवारा रूप से घूम रहे पशुओं एवं उनके मालिकों को चिन्हित कर उसकी सूचना अतिक्रमण प्रभारी को देंगे तथा पशुपालकों को नियमों का पालन करने हेतु जानकारी देंगे तथा पशुपालकों द्वारा नियमों का उल्लंघन करने पर चालानी एवं वैधानिक कार्रवाई करेंगे तथा अतिक्रमण प्रभारी चिन्हित किए गए पशुओं को पकड़कर गोशाला में बंद कराने की कार्रवाई करेंगे ।

लाखा बंजारा झील की साफ-सफाई और स्वच्छता व्यवस्था प्रभावित करने का मामला

# झील में जलकुंभी जलाने की अनदेखी पर स्मार्ट सिटी के प्रोजेक्ट मैनेजर सहित अन्य पर लगाया गया 8000 रुपए का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



शहर और लाखा बंजारा झील की साफ-सफाई और स्वच्छता व्यवस्था को प्रभावित करने वालों पर सख्त कार्यवाही होगी जिसमें किसी भी प्रकार की रियायत नहीं बरती जायेगी। इसलिए निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने लाखा बंजारा झील किनारे सूख रही जलकुम्भी के ढेर में अज्ञात लोगों द्वारा आग लगाई गई लेकिन अगर सही तरीके से इसकी मॉनिटरिंग होती तो शायद यह नहीं हो होता इससे जाहिर होता है कि कार्य में लापरवाही बरती गई इसलिए लापरवाही बरतते पाए जाने पर चाहे आम आदमी हो या निगम के अधिकारी कर्मचारी किसी के साथ भी रियायत नहीं बरती जाएगी और उन पर भी चालानी कार्रवाई की जाएगी ।

ऐसा ही कुछ हुआ जब शनिवार को प्रातः लाखा बंजारा झील पहुंचकर निगमायुक्त ने झील से जलकुंभी निकालने के कार्य का निरीक्षण किया और पाया कि तालाब किनारे सूखी जलकुंभी पड़ी थी जिस पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा आग लगाई गई थी, इस घटना को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने स्मार्ट सिटी के प्रोजेक्ट मैनेजर पुष्पेंद्र द्विवेदी पर 1000 रुपए , पीएमसी के एक्सपर्ट युक्तान्स श्रीवास्तव पर 1000 रुपए एवं झील पुनर्विकास ठेकेदार एजेंसी अस्वत इंफ्रा पर 5000 रुपए , तालाब सफाई प्रभारी राजू रैकवार पर 500 रुपए , और सफाई दरोगा पर 500 रुपया का जुर्माना किया। इस प्रकार कुल 8000 रुपए की चालानी कार्रवाई करवाई ताकि आगे से किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो और तालाब की सफाई बनी रहे और सभी जिम्मेदार अपने कार्य के प्रति सजग रहें है। निगम आयुक्त राजकुमार खत्री द्वारा झील की सफाई का निरीक्षण किया जा रहा था तभी एक व्यक्ति अपने पालतू कुत्ते को लेकर झील किनारे घुमाते पाया गया तो उन्होंने उस व्यक्ति को समझाई दी कि वह झील किनारे पालतू जानवरों को न घुमाये क्योंकि वह गंदगी करते हैं इसलिए दोबारा ऐसी गलती पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ चालानी कार्रवाई की जाएगी।

### झील की सफाई पर कैमरा के माध्यम से रखी जाएगी नजर

झील के किनारे सफाई और स्वच्छता बनी रहे साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। जिनके माध्यम से झील को गंदा करने वालों पर नजर रखी जाएगी और गंदगी करते पाए जाने पर या झील को किसी भी प्रकार का नुक्सान पहुंचाने वालों पर चालानी करवाई की जाएगी।

### निगमायुक्त की अपील

यह शहर हम सब का है और इसे साफ-स्वच्छा बनाकर स्वच्छ सर्वेक्षण में अब्बल बनाना हम सब की जिम्मेदारी है इसलिए शहर का प्रत्येक नागरिक और निगम प्रशासन सहित सभी जिम्मेदार लोग मिलकर सजगता से अपनी जिम्मेदारी निभायें और सागर को स्वच्छता में अग्रणी बनायें।

## शासन की मानक शर्तों का उल्लंघन करने पर स्टोन क्रेशर को किया गया सील



**सागर।** माफियाओं एवं अन्य प्रकार की व्यक्तियों द्वारा शासन के नियमों का पालन न करने पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर दीपक आर्य के निर्देश पर एसडीएम विजय डेहरिया ने खनिज विभाग, राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ रगोली के पास स्थित स्टेन केसर की जांच की गई। जहां पर शासन के द्वारा दिए गए निर्देशो का पालन होना नहीं पाया गया, जिस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए एसडीएम डेहरिया ने संपूर्ण क्रेशर परिसर को सील कर दिया है।डेहरिया ने बताया कि निरीक्षण के दौरान पानी टैंकर की उपलब्धता न होना, चौकीदार की उपलब्धता न होना, पर्यावरण के प्रति निर्देशों का पालन न करना, निर्देशों के तहत बाउंड्री वॉल का निर्माण न होना सहित अन्य अन्य आवश्यक व्यवस्था नं पाए जाने पर क्रेशर को सील किया गया है।

## खबर संक्षेप

### समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी 20 मई

**टीकमगढ़।** जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि रबी विपणन वर्ष 2024-25 में शासन के निर्देशानुसार समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन 15 मई तक किये जाने के निर्देश जारी किये गये थे। जिले में कृषकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन कार्य की अवधि 20 मई तक गेहूं खरीदी की तिथि बढाई गई है।
जिले के गेहूं विक्रय के इच्छुक सभी किसानों से अपेक्षा की गई है कि समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन योजना का अधिक से अधिक लाभ अर्जित करने हेतु शासन की नियत अवधि 20 मई तक अपनी उपज गेहूं स्लॉट बुकिंग कर नजदीकी गेहूं उपार्जन केन्द्र पर विक्रय कर शासन की योजना का अधिक से अधिक लाभ अर्जित कर सकते है।

### जल को लेकर किया नागरिकों को जागरूक



**टीकमगढ़।** केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना जल जीवन मिशन अंतर्गत लोक सवास्य यांत्रिकी विभाग टीकमगढ़ की क्रियान्वयन सहयोगी संस्था रिचर्ड संस्थान द्वारा टीकमगढ़ जिले में मिशन के प्रति जन जागरूकता के लिए प्रचार प्रसार की गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसीक्रम में लोक सवास्य यांत्रिकी विभाग की क्रियान्वयन सहयोगी संस्था रिचर्ड संस्थान द्वारा जिले के जतारा ब्लॉक के ग्राम मालपीथा, लखेपुर सहित मस्तापुर ग्रामों में जल जीवन मिशन के प्रति जन जागरूकता के लिए प्रचार-प्रसार की गतिविधियों का आयोजन किया गया।
गतिविधियों के दौरान ग्रामवासियों और ग्राम जल एवं स्वछता समिति के सदस्यों को योजना निर्माण एवं हस्तांतरण, क्रियान्वयन और प्रबंधन, जल संरक्षण और संवर्धन, पेयजल एवं स्वछता, पानी की नियमित जांच, अंशदान और जल-कर, जल जनित बीमारियाँ और उनसे बचाव आदि बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी दी जा रही है।

### जिला कौशल समिति की बैठक 20 को होगी

**विदिशा।** कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य की अध्यक्षता में जिला कौशल समिति की बैठक सोमवार 20 मई को होगी। बैठक लंबित आवेदनों की समीक्षा के बाद शुरू होगी। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान विदिशा के प्राचार्य ने बताया कि जिले के समस्त शासकीय आईटीआई में शत प्रतिशत प्रवेश की कार्ययोजना पर चर्चा के अलावा कौशल विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं पर चर्चा तथा जिले में नवीन व्यवसायों की आवश्कता एवं वर्तमान में संचालित व्यवसायों की उपयोगिता पर चर्चा की जाएगी।

### पूर्व सीएम ने शोक संवेदनाएं व्यक्त की

**विदिशा।** पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शुक्रवार को विदिशा आए। उनके साथ पत्नी साधना सिंह चौहान भी मौजूद रहीं। शिवराज पहले बाढ़ वाले गणेश मंदिर पहुंचे। जहां उन्होंने भगवान गणेश की पूजन अर्चन की। इसके बाद स्वर्गीय डॉ. जयप्रकाश किरार के अहमदपुर रोड स्थित घर भी पहुंचे। उन्होंने परिजनों से मुलाकात कर संवेदनाएं व्यक्त कीं और परिवार को सांत्वना दी। अटारीखेजड़ा पहुंचकर मंडल अध्यक्ष प्रतीक सिंह कंग के दादा जी सहकारी नेता डॉ अमरीक सिंह कंग के चित्र पर पुष्प समर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

### राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक 21 को

**विदिशा।** कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य की अध्यक्षता में राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक 21 मई को जिला मुख्यालय पर बेतवा सभाकक्ष में आयोजित की गई है। अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने बताया कि यह बैठकसुबह 10:30 बजे से प्रारंभ होगी। उन्होंने समस्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), प्रभारी अधिकारी, कलेक्ट्रेट, तहसीलदार, अति. तहसीलदार नायब तहसीलदार समेत अन्य अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।


# बिजली चोरी रोकने नकेल कस रहे अधिकारी, कार्रवाई जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭टीकमगढ़

पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों ने बिजली चोरी पर नकेल कसने के लिए अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत शनिवार के रोज कंपनी की एक टीम ने शहर के मोटे का मोहल्ला, इंदिरा कॉलोनी सहित आसपास के इलाकों में सतत चेकिंग अभियान चलाया। जहां चेकिंग के दौरान विद्युत चोरी के कई मामले सामने आए। अधिकारियों ने बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ मामला दर्ज कर किया है। साथ ही रिकवरी के लिए नोटिस जारी किया है।

वहीं विद्युत कंपनी के सहायक अभियंता शुभम त्यागी ने बताया कि इस बढ़ती गर्मी के मौसम में लगातार बिजली की खपत बढ़ रही है। जबकि कई मोहल्लों में बिल रीडिंग कम आ रही है। ऐसे चिन्हित इलाकों में छापेमार कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि पिछले तीन दिनों से लगातार अलग-अलग मोहल्ले में छापेमार कार्रवाई की जा रही है। अब तक कुल 10 चोरी के मामले पकड़े जा चुके हैं। टीम ने राहुल जैन, वाटर प्लांट संचालक सहित सभी पर मामला दर्ज किया है। साथ ही मीटर जब्त कर जांच के लिए लैब भेज दिए है। उन्होंने बताया कि कार्रवाई में मीटर खराब करने के नए-नए तरीके देखने को मिल रहे हैं।

इसके साथ ही सहायक अभियंता ने बताया कि इंदिरा कॉलोनी में एक चार मंजिला मकान में दो एसी, चार कूलर, गीजर, बोर, टीवी, फ्रिज सहित लाइट से चलने वाले अनेक उपकरण थे। लगभग 15 किलो वॉट का लोड था, लेकिन पिछले एक साल से बिल केवल 100 रुपए प्रतिमाह आ रहा था। जांच में पता चला कि मकान मालिक ने मीटर में छेड़खानी की है। जिसे जांच के दौरान पकड़ कर संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही की गई।



**यहां भी मिली गड़बड़ी :** साथ ही नगर के मध्य शेखों के मोहल्ला में जमजम आरओ वाटर प्लांट का संचालन चोरी की बिजली से हो रहा था। घर के कनेक्शन के लिए निकली इनपुट केबल से कट कर पूरा आरओ प्लांट चलाया जा रहा था। यहां पर पानी को साफ करने के साथ ही उसे ठंडा करने की मशीन लगाई गई है। जिसे चोरी की बिजली से संचालित किया जा रहा था। टीम ने प्लांट संचालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## दुष्कर्म के आरोपी पर पॉक्सो के तहत मामला दर्ज, आरोपी पुलिस गिरफ्त में



**टीकमगढ़।** थाना कोतवाली क्षेत्रांर्गत नाबालिग से दुराचार का मामला सामने आया है। आरोपी ने गत गुरुवार के रोज नशे की गोली का सेवन कराकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। पीड़ित लड़की और उसके परिजनों की शिकायत पर शुक्रवार रात को कोतवाली थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 376 सहित पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। कोतवाली थाना प्रभारी आनंद राज ने बताया कि शुक्रवार रात पीड़िता के परिजन उसे लेकर थाने आए। उन्होंने बताया कि एक दिन पहले एक ही मोहल्ले में रहने वाले आरोपी ने लड़की को बहला फुसलाकर नशीले पदार्थ का सेवन कराया और उसके बाद दुराचार की घटना को अंजाम दिया। घटना के एक दिन बाद लड़की ने परिजनों को इस बारे में बताया। इसके बाद उन्होंने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि परिजनों की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ धारा 376 सहित पॉक्सों एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए उसके घर और रिश्तेदारों के घर दबिश दी गई, लेकिन फिलहाल आरोपी पुलिस गिरफ्त से दूर है। थाना टीआई ने बताया कि गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई है, जल्दी ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### वरिष्ठ अफसरों के निर्देश पर थाना कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई

# अवैध कट्टा, कारतूस समेत हथियार बनाने की सामग्री की जब्त, दो आरोपी किए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭टीकमगढ़

जिले के एसपी रोहित काशवानी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम एवं एसडीओपी राहुल कटरे द्वारा लगातार अवैध हथियार विक्रय करने वाले अपराधियों को पकड़ने के लिए निर्देशित किया गया था।

इसी तारतम्य में 17 मई 24 को काठ व्यक्ति अवैध हथियारों के साथ वाररदात की नियत से सागर नया बस स्टैंड वायपास रोड टीकमगढ़ पर घूम रहे है मुखबिर की सूचना विश्वसनीय होने में संदिग्धों की तलाश मुखबिर के बताये स्थान पर किया जो सागर नया बस स्टैण्ड वायपास रोड पर तलाश किया तो टिंकू खान के ढ़ाचा के आगे बायपास रोड पर दो व्यक्ति सागर रोड से नया बस स्टैण्ड तरफ पैदल आते दिखे जो जिन्हें रोकने का इशारा किया तो वह दोनो पुलिस को देखकर दौड लगाकर जंगल की तरफ भागने लगे उन दोनो व्यक्ति अपने अपने हाथ में कटे लहराकर डराने की कोशिश करने लगे जिन्हे हिकमत अमली से स्टाफ की मदद से घेरा बंदी कर 315 बोर के कट्टो सहित पकड़ा गया। जिनसे पूछताछ की गई, जिन्होंने अपना नाम कल्लू उर्फ कल्याण सिंह घोष पुत्र परसराम घोष 35 वर्ष निवासी बछौड़ा थाना दिगौड़ा का बताया दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम अशोक पुत्र माखन खंगार (राय) 34 वर्ष निवासी बछौडा हाल निवासी घाट खेत बेदौरा का होना बताया उक्त दोनो व्यक्ति से बरामद 315 बोर के कट्टो को खोलकर देखा गया तो दोनो कट्टों के चैम्बर में एक-एक 315 बोर के राउण्ड मिले उक्त दोनों व्यक्तियों से कट्टा एवं कारतूस के संबंध में पूछताछ की गई तो कल्लू उर्फ कल्याण सिंह घोष ने बताया कि बब्लू कुशवाहा पुत्र फुन्दी कुशवाहा निवासी कंजयाना थाना बम्हौरी कलां जिला टीकमगढ़ से उक्त कटटा एवं कारतूस छह हजार रुपये में खरीदा था और अशोक खगार (राय) ने भी उक्त कट्टा एवं कारतूस बब्लू पुत्र फुन्दी कुशवाहा निवासी कंजयाना टीकमगढ़ से छह हजार रुपये में खरीदना बताया था।





उक्त दोनो आरोपियों द्वारा बताया गया कि बबलू कुशवाहा कट्टा बनाकर बेचने का कारोबार करता है उसने कई जगह कट्टे बेचे है वह लगातार कट्टे बनाकर बेचने का कारोबार करता है। दोनों आरोपीगणों के कृत्य चारा 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत दण्डनीय पाये जाने से आरोपियों से कारतूस को कट्टे से जब्त कर जब्ती पत्रक तैयार किया गया। बाद बब्लू कुशवाहा को कंजयाना बम्हौरी कला से मुखबिर की सूचना पर पकड़ा। बबलू पुत्र फुन्दी कुशवाहा 40 वर्ष निवासी कंजयाना थाना बम्हौरीकला से कट्टे एवं कटूटे बनाने की सामग्री के बारे में पूछताछ की गई। जिसने बताया गया कि में पिछले कुछ महीनों से कटुटा बनाकर बेचने का कारोचार कर रहा है बबलू कुशवाहा द्वारा अपने घर से निकालकर एक 315 बोर का कट्टा व 315 बोर के पाँच जिन्दा कारतूस व कटटा बनाने की सामग्री एक प्लास, दो पैचकस, एक हवा भरने की धोकती, दो छैनी, एक बड़ा एवं एक छोटी हथौड़ी एवं 6 स्प्रिंग, 6 लोहे की नाल, लोहे की रेती, आरीपली, लोहे की सुम्मी व निहारी, दो संसी, एक ड्रिल मशीन एवं एक ग्राइन्डर, बट बनाने की लड़की की पट्टी पेश की। जिन्हें आरोपियों से जब्त कर जब्ती पत्रक बना कर पुलिस द्वारा कब्जे में लिया गया। आरोपी बबलू कुशवाहा का कृत्य धारा 25/27 सहित अन्य धाराओं के तहत आता है जिससे आरोपी बबलू पुत्र फुन्दी कुशवाहा 40 वर्ष निवासी कंजघाना धाना बम्हौरीकलां को गिरफ्तार किया गया।

उक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक संदीप चौधरी, प्रधान आरक्षक सतीश शर्मा, मनोज अहिरवार, गजधर, आरक्षक अनिल पचौरी, अरविन्द निरंजन, आशीष भटूट, मुकेश उपाध्याय, अरविन्द निरंजन, शिवशंकर नायक शामिल रहे।

### दही और लस्सी के सैंपल लिए अब इनकी जांच कराएंगे



**विदिशा।** खाद्य सुरक्षा प्रशासन के द्वारा जिले में खाद्य पदार्थों की जांच-पड़ताल सतत जारी है इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम के द्वारा गंजबासौदा नगरीय क्षेत्र के बरेठ रोड़ स्थित जैन सोडा शॉप एवं स्टेशन के पास चॉइस कॉर्नर से खाद्य पदार्थों के सैंपल लेने की कार्यवाही की गई है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप वर्मा एवं श्रीमती किरण एम श्रीवास्तव ने बताया कि जैन सोडा शॉप एवं स्टेशन के पास चॉइस कॉर्नर से श्रीधी ब्रांड के मिल्क के तीन सैंपल, दही, लस्सी के सैंपल एकत्रित किए गए हैं। एकत्रित किए गए खाद्य सैंपल को जांच परीक्षण के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी की टीम द्वारा तहसील गंज बासौदा की खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान खाद्य सामग्री विक्रय करने वाले दुकान संचालकों को खाद्य लाइसेंस लेने की समझाइश दी गई तथा साफ-सफाई एवं खाद्य सामग्री मिलावट न करने के निर्देश दिए गए।

## ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत,10 महिलाओं के साथ सागर से तेंदूपत्ता तोड़ने आई थी

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

- देर रात होने की वजह से वह प्लेटफार्म पर ही सो गई थी।

रेलवे स्टेशन पर ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। महिला सागर की रहने वाली थी। वह सागर की ही 10 महिलाओं के साथ तेंदूपत्ता तोड़ने के लिए विदिशा आई थी।

शुक्रवार सुबह विदिशा के प्लेटफार्म क्रमांक- 3 पर 55 वर्षीय सागर निवासी सिंगाररानी अहिरवार ट्रेन की चपेट में आ गई।। जीआरपी ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। बेटे आकाश अहिरवार ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण परिवार के सभी सदस्य काम करते हैं। मां तेंदूपत्ता तोड़ने का काम करती थी। वह 11 अन्य महिलाओं के साथ विदिशा में तेंदूपत्ता तोड़ने के लिए आई थी। देर रात होने की वजह से वह प्लेटफार्म पर ही सो गई थी।

## रुक जाना नहीं: वार्षिक परीक्षाएं 20 से मुख्यालय पर 9 परीक्षा केन्द्रों में होंगी

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

मध्यप्रदेश राज्य मुक्त शिक्षा परिषद भोपाल द्वारा आयोजित ओपन स्कूल (परंपरागत) द्वारा आयोजित मध्यप्रदेश मदरसा बोर्ड, रुक जाना नहीं एवं राज्य ओपन की वार्षिक परीक्षाएं 20 मई से प्रारंभ होने जा रही है।

जिला शिक्षा अधिकारी आरके ठाकुर ने बताया कि उक्त परीक्षा विदिशा जिला मुख्यालय पर 9 परीक्षा केन्द्रों पर संपन्न होगी। जिन छात्रों के द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया गया है। वह अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड कर लें, बगैर प्रवेश पत्र के परीक्षा केन्द्रों में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

जिला शिक्षा अधिकारी ठाकुर ने बताया कि परीक्षार्थी अपने साथ परीक्षा केंद्रों में मोबाइल फोन, पेजर, सेल्यूलर फोन, हस्तलिखित पर्ची, मुद्रित पर्ची, पुस्तक, गाइड, कॉपी, कैलकुलेटर इत्यादि कोई भी सामग्री लेकर नहीं आएं। परीक्षा केंद्र पर तलाशी के उपरांत ही केंद्रों में प्रवेश दिया जाएगा। यदि किसी परीक्षार्थी के पास कक्षा में इस तरह की कोई सामग्री पाई जाती है तो नकल का प्रकरण बनाया जाएगा। परीक्षार्थी की सुविधा के लिए राज्य ओपन की

> जिन छात्रों ने ऑनलाइन आवेदन किया है। वह प्रवेश पत्र ऑनलाइन डाउनलोड कर सकते हैं।

साइट पर कई वीडियो अपलोड किए गए हैं जिनमें विषय से संबंधित विषय से संबंधित विषय विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा कठिन प्रश्नों को सरल तरीके से समझाया गया है अतः परीक्षार्थी अपनी परीक्षा की तैयारी के लिए साइड पर अपलोड वीडियो से भी शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं।

## स्विफ्ट डिजायर कार से 8 पेटी अवैध शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

- शराब खरीदने वाला दूसरा आरोपी भल्ला फरार।

सिविल लाइन पुलिस ने सोठिया रोड से 8 पेटी अंग्रेजी शराब के साथ आरोपी हरिओम विश्वकर्मा पिता जगदीश विश्वकर्मा निवासी कालापाठा को गिरफ्तार किया है। एक स्विफ्ट डिजायर कार भी जब्त की गई है। सिविल लाइन थाना टीआई शहबाज खान को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की सोठिया रोड के पास रायसेन तरफ से आ रही डिजायर कार शराब से भरी हुई है। थाना प्रभारी शहबाज़ खान हमराह बल के साथ सोठिया रोड पहुंचे । एक स्विफ्ट डिजायर कार तेज रफ्तार में विदिशा की तरफ आ रही थी। कार को रोककर तलाशी ली तो 8 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब मिली।



पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर माममा दर्ज किया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि वह शराब को नीमताल निवासी भल्ला के पास ले जा रहा था। आरोपी हरिओम पूर्व में भी भल्ला को अवैध शराब बेच चुका है। आरोपी भल्ला अभी फ़रार है जिनकी तलाश जारी है।

### विद्युत मंडल स्थित शिवालय में सात दिवसीय संस्कृत संस्कार शिविर का शुभारंभ

# ब्राह्मण बालकों को 21 साल से निशुल्क वेद, व्याकरण कर्मकांड, ज्योतिष और संध्या वंदन की दे रहे हैं शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

विद्युत मंडल स्थित महाकालेश्वर मंदिर पर संचालित महाकालेश्वर संस्कृत पाठशाला में सप्त दिवसीय संस्कृत संस्कार शिविर का शुभारंभ हुआ।

पहले दिन 20 ब्राह्मण बालक शामिल हुए। महाकालेश्वर संस्कृत पाठशाला के आचार्य धर्माधिकारी पंडित विनोद शास्त्री ने बताया कि 21 वर्षों से निशुल्क ब्राह्मण बालकों को प्रतिदिन वेद, व्याकरण, कर्मकांड, ज्योतिष, संध्या वंदन, वास्तु शास्त्र, हस्तरेखा की शिक्षा दी जा रही है। समय-समय पर संस्कृत पाठशाला में संस्कृत संस्कार शिविर संध्या बंधन शिविर ज्योतिष शिविर ब्राह्मण बालकों का निशुल्क यज्ञोपवीत संस्कार आदि गुरु शंकराचार्य जयंती स्वामी करपात्री जयंती तुलसीदास जयंती आदि धार्मिक आयोजन किए जाते हैं। संस्कृत पाठशाला के माध्यम से संस्कृत भाषा का प्रचार प्रसार एवं ब्राह्मण बालकों को रोजगार से जोड़ना मुख्य उद्देश्य है हमारे ऋषि मुनियों की परंपरा को पुनः जीवित करना एवं गुरु परंपरा को स्थापित करना हमारा उद्देश्य है।



संस्कृत सभी भाषाओं की जननी है संस्कृत देव भाषा है संस्कृत वेद भाषा है। पंडित विनोद शास्त्री ने बताया कि 7 दिन तक प्रतिदिन सुबह 9 से 11 बजे तक शिविर चलेगा। सप्त दिवसीय संस्कार शिविर में संस्कारों शिक्षा के साथ वेद व्याकरण ज्योतिष कर्मकांड वास्तु शास्त्र हस्तरेखा की शिक्षा दी जा रही है। हमारी युवा पीढ़ी पश्चाताप संस्कृति की ओर अग्रसर हो रही है ऐसे समय में युवा पीढ़ी को संस्कारों की बहुत आवश्यकता है।

## ब्राइटर माइंड के बच्चे आंखों पर पट्टी बांधकर पढ़ेंगे किताब



**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** हार्टफुलनेस सेंटर में चल रहे योग एवं ध्यान शिविर में आज शनिवार सुबह 8 बजे बच्चों द्वारा आंखों पर पट्टी बांधकर किताब पढ़ना, सूघंकर रंग बताने आदि हैरतअंगेज विधाओं का प्रदर्शन किया जाएगा।

ब्राइटर माइंड प्रशिक्षकों ने बताया कि 5 से 15 वर्ष की उम्र के बच्चों को प्रति सत्र 8 सप्ताह का विशेष प्रशिक्षण, हर रविवार को दिया जाता है , इस प्रशिक्षण से बच्चों के दिमाग का विशेष प्रकार से विकास होता है व दिमाग की कार्यक्षमता आश्चर्य जनक रूप से बढ़ती है । वे आंखों पर पट्टी बांधकर वस्तुओं का आकार, रंग पहचान सकते हैं तथा बंद आंखों से ही किताब पढ़ सकते हैं। इस प्रशिक्षण से उनका फोकस, तल्लीनता, समझ, इंटेलिजेंस बढ़ती है। हर क्षेत्र में सफलता पाने की संभावना बढ़ती है। अभिभावक जो अपने बच्चों को ब्राइटर माइंड का कोर्स करना चाहते हैं उन सभी को हार्टफुलनेस की ओर से आमंत्रित किया गया है।

परिजनों ने एसपी से लेकर सीएम तक लगाई गुहार, तब जाकर दर्ज हुआ अपहरण का केस, आरोपी फिर भी अज्ञात

# पुलिस की भूमिका संदिग्धः नाबालिग का अपहरण, पुलिस ने दर्ज की गुमशुदगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

17 साल की अनाथ नाबालिग बालिका के अपहरण मामले में पुलिस की भूमिका संदेह के घेरे में है। क्योंकि पहले तो पुलिस ने इस मामले में मामूली धारा में गुमशुदगी दर्ज की। लेकिन जब पीड़ित परिवार ने एसपी से लेकर सीएम हेल्पलाइन तक गुहार लगाई, तब जाकर पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज किया है। हद तो यह हो गई है कि इतनी शिकायत शिकवों के बाद भी पुलिस ने दर्ज की अपहरण की एफआईआर में आरोपी अज्ञात ही लिखा है। जबकि अपहृत बालिका के परिजन नामजद रिपोर्ट करा रहे हैं कि लड़की को सोंठवा गांव का ही एक युवक अपहरण करके ले गया है। यह मामला देहात थाना क्षेत्र का है।

अगवा हुई नाबालिग बालिका के मामा ने बताया कि उसकी भांजी के कोई भाई नहीं है। जबकि माता पिता का निधन हो चुका है। इसलिए वह पिछले करीब दो साल से उनके यहां रह रही थी। गत 6 अप्रैल की रात्रि के एक बजे के आसपास भांजी लापता हो गई। तलाश करने पर पता चला कि सोंठवा निवासी सत्तू गुर्जर नामक युवक भांजी का अपहरण करके ले गया है। जिसे हमने रात्रि के दौरान काफी ढूंढा, लेकिन वह नहीं मिला। 7 अप्रैल की सुबह देहात थाने में पहुंचकर इस मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। लेकिन लापरवाही की चादर ओढे बैठी देहात थाना पुलिस ने साधारण गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लिया और हमे यह कहते हुए लौटा दिया कि तुम्हारी भांजी को जल्द ढूंढ लेंगे। लेकिन पुलिस ने अभी तक न तो भांजी को ढूंढा और न ही उसे अगवा करने वाले आरोपी को पकड़ा है।



### अफसरों तक पहुंची शिकायत, तब पुलिस ने आनन फानन में दर्ज किया मामला

अगवा अनाथ बालिका के मामा ने बताया कि भांजी के नाबालिग होने के बाद भी देहात थाना पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज नहीं किया। जो माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश की खुलेआम अवहेलना है। गत 19 अप्रैल को पुलिस अधीक्षक से इस मामले की शिकायत की गई। वहीं सीएम हेल्पलाइन लगाकर सीएम तक भी इस मामले में कार्रवाई की गुहार लगाई गई। जिसके बाद देहात थाना पुलिस ने आनन फानन में सवा महीने बाद 17 मई को अपहरण का मामला दर्ज किया गया। लेकिन आरोपी अज्ञात ही लिखा है, जबकि आरोपी नामजद है।

### सीएम हेल्पलाइन बंद कराने की फिराक में पुलिस

हद तो तब हो गई कि जब परिजन बालिका को ढूंढने के लिए इधर उधर भटक रहे हैं और पुलिस अधिकारियों से गुहार भी लगा रहे हैं, लेकिन इसके बाद भी पुलिस बालिका को ढूंढ नहीं रही है। उल्टा परिजनों के द्वारा लगा रखी सीएम हेल्पलाइन की शिकायत को बंद कराने की फिराक में घूम रही है। ताकि सीएम हेल्पलाइन की शिकायत पर अधिकारियों का बन रहा दबाब हट सके। अगवा बालिका के मामा सहित अन्य परिजनों ने पुलिस अधिकारियों से उनकी भांजी को जल्द से जल्द ढूंढने की गुहार लगाई है।

### 12 बीघा जमीन पर नजर

अगवा हुई बालिका अनाथ है। उसके माता पिता का निधन हो चुका है। बताया जा रहा है कि सोंठवा में बालिका के नाम से 12 बीघा जमीन मौजूद है। अनाथ बालिका के मामा ने अंदेशा जाहिर करते हुए बताया कि अपहरण करने वाले आरोपी की नजर 12 बीघा जमीन पर भी है। इसके लिए वह भांजी से शादी का नाटक करके उसकी हत्या भी कर सकता है।

### इनका कहना...

यदि ऐसी बात है तो यह गंभीर मामला है, इसकी जांच करवाई जाएगी। जांच में जिसकी भी लापरवाही सामने आएगी, उसे बख्शा नहीं जाएगा।

**अभिषेक आनंद**
**एसपी, श्योपुर**

---

श्योपुर में सबसे ज्यादा 4706 किसानों से खरीदा गया 56226.88 मैट्रिक टन गेहूं

# समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदने में श्योपुर संभाग में अव्वल, मुरैना फिसड्डी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

समर्थन मूल्य पर चल रही गेहूं खरीदी में श्योपुर जिला पूरे ग्वालियर चंबल संभाग में अव्वल स्थान पर है। क्योंकि श्योपुर जिले में अभी तक 4 हजार 706 किसानों से 56 हजार 226.88 मैट्रिक टन गेहूं की खरीदी की जा चुकी है और इतनी खरीदी संभाग के किसी भी जिले में अभी तक नहीं की गई है। यही वजह है कि संभाग में श्योपुर टॉप पर है, जबकि गुना और मुरैना जिले फिसड्डी चल रहे हैं। हालांकि गुना जिले में 6419 मैट्रिक टन गेंहू खरीदा जा चुका है,लेकिन मुरैना जिले में अभी एक भी दाना गेहूं का समर्थन मूल्य पर खरीदा नहीं जा सका है।

श्योपुर जिले में गेंहू खरीदी के लिए 32 खरीदी केन्द्र बनाए गए है, लेकिन किसान गेहूं विक्रय करने के लिए 31 खरीदी केन्द्रों पर ही पहुंच रहे है। हालांकि इस बार गेहूं खरीदी केन्द्रों पर किसानों की उतनी भीड नहीं उमड पाई है,जितनी भीड बीते वर्षो के दौरान गेंहू खरीदी केन्द्रों पर उमडी रही है। इसके पीछे कारण मंडी में गेंहू का अच्छा भाव रहा है। क्योंकि भाव अच्छा होने की वजह से ज्यादातर किसानों ने अपने गेहूं को मंडी में जाकर ही बेचा है। भाव थोडा कम हुआ, तब खरीदी केन्द्रों पर गेंहू बेचने के लिए किसानों की भीड भाड देखने को मिली। बताया गया है कि 17 मई की स्थिति में श्योपुर जिले में 4706 किसानों से 56226.88 मैट्रिक टन गेंहू खरीदा जा चुका है। हालांकि यह खरीदी टारगेट के मुकाबले कम है, लेकिन ग्वालियर चंबल संभाग के सभी जिलों में यह खरीदी सबसे ज्यादा है। बता दें कि श्योपुर जिले को एक लाख मैट्रिक टन गेंहू की खरीदी किए जाने का टारगेट मिला है।



### अब 31 मई तक होगी खरीदी

समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का तारीख शासन स्तर से बढा दी गई है। पहले गेंहू खरीदी की अंतिम तारीख 20 मई निर्धारित थी,लेकिन अब यह तारीख बढाकर 31 मई कर दी गई है। बताया जा रहा है कि यह तारीख गेहूं खरीदी के टारगेट को पूरा करने के लिए शासन स्तर से बढाई गई। प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी सुनील शर्मा ने बताया कि गेंहू खरीदी अब 31 मई तक की जाएगी।

### संभाग में दतिया दूसरे तो भिंड तीसरे स्थान पर

समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के मामले में श्योपुर जिला ग्वालियर चंबल संभाग में पहले स्थान पर है, जबकि दूसरे स्थान पर दतिया और तीसरे स्थान भिंड जिला है। चौथे स्थान पर शिवपुरी और पांचवे नंबर पर ग्वालियर है। लेकिन मुरैना जिला सबसे ज्यादा फिसड्डी है,क्योकि मुरैना जिले में 28 गेहूं खरीद होने के बाद भी एक भी दाना गेहूं का खरीदा नहीं जा सका है।

### जिले वार गेहूं खरीदी

| जिला | केन्द्र | किसान | खरीदी |
|---|---|---|---|
| श्योपुर | 32 | 4706 | 56226.88 |
| मुरैना | 28 | 00 | 00 |
| भिण्ड | 31 | 2711 | 19529 |
| ग्वालियर | 43 | 1385 | 14798.94 |
| शिवपुरी | 41 | 2010 | 15788.48 |
| गुना | 24 | 744 | 6419.35 |
| दतिया | 49 | 4683 | 36153.94 |
| अशोकनगर | 25 | 970 | 8362.05 |

---

सूचना संकलन को लेकर आयोजित बैठक में एसपी ने दिए निर्देश

# बर्दाश्त नहीं होंगे गैरकानूनी धंधे कहीं चले तो सीधे मुझे बताएःआनंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



किसी भी थाना क्षेत्र में कोई भी गैरकानूनी काम धंधे बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। कहीं पर भी गैर कानूनी धंधे संचालित होते पाए गए तो संबंधित थाना प्रभारी और जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। गैर कानूनी धंधो के चलने की जरा सी भी सूचना कहीं से भी आए,उसकी जानकारी सीधे मुझे दी जाए।

यह सख्त निर्देश एसपी अभिषेक आनंद ने शनिवार को पुलिस कंट्रोलरूम में सूचना संकलन को लेकर आयोजित पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों की बैठक को संबोधित करते हुए दिए। साथही समय पर सूचनाओं के आदान-प्रदान को शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था के लिए जरूरी बताकर सभी को इस कार्य में गंभीर रहने प्रेरित किया। लगभग तीन घंटे चली इस बैठक में एसपी अभिषेक आनंद ने कहा कि सूचनाओं के आदान-प्रदान और वरिष्ठ अधिकारियों तक शांति, सुरक्षा, कानून व्यवस्था तथा घटनाओं को लेकर सूचनाएं पहुंचाना वर्तमान समय में ज्यादा महत्वपूर्ण है। इन्हीं सूचनाओं के आधार पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाती है। इस बैठक में थाना क्षेत्र में किसी प्रकार की घटना, कानून व्यवस्था की स्थिति में सूचना की भूमिका पर विस्तृत जानकारी दी गई। साथही सूचना संकलन करने के तरीके तथा सूचना की उपयोगिता के बारे में बताया गया।

एसपी अभिषेक आनंद ने एक व्हाट्सअप ग्रुप बनवाते हुए निर्देश दिए कि इस ग्रुप में थाना क्षेत्र में होने वाली गतिविधियों की जानकारी दी जाए। बैठक में एसडीओपी श्योपुर राजीव कुमार गुप्ता और जिले के सभी थानों में सूचना संकलन की जिम्मेदारी देखने वाले पुलिसकर्मी शामिल हुए।

### समर कैंप में बच्चे सीख रहे योग क्रियाएं, श्री हजारेश्वर पार्क में लगा शिविर

**श्योपुर।** इन दिनों गर्मियों की छुट्टी में बच्चों को समर कैंप लगाकर योग शिक्षक योग क्रिया सिखा रहे है। श्री हजारेश्वर पार्क में आयोजित किए जा रहे इस शिविर में बड़ी संख्या में पहुंच रहे बच्चे रुचिकर योग क्रियाएं सीख रहे हैं। जहां गर्मियों में बच्चे नाना नानी के छुटिया बिताने गए हुए वहीं कुछ बच्चे समर कैंप में योग क्रियाएं सीख रहे हैं। हजारेश्वर पार्क में स्कूल के बच्चों ने मिलकर गर्मी में आसमान में उड़ते पक्षियों के लिए योग शिक्षक दिनेश साहू के साथ सकोरे पात्र पेड़ पर टांगे और संकल्प लिया कि हम भी हमारे घरों पर आसपास मंदिरों,मस्जिदों पर इसी तरीके से सकोरे टांगेंगे साथ ही बच्चों ने योग सीखा और योग से होने वाले लाभ भी जाने।



---

# कल जिले भर में बुजुर्गों के लिए लगेंगे स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

राष्ट्रीय वृद्धजन स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम अंतर्गत 20 मई को जिले भर में स्वास्थ्य शिविर आयोजित होंगे। इस संबंध में कलेक्टर लोकेश कुमार ने स्वास्थ्य विभाग को बुजुर्ग जनों के लिए अच्छी सम्मानजनक व्यवस्था उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। 20 मई को जिला अस्पताल सहित कराहल, विजयपुर, बडौदा, ढोढर एवं अगरा के अस्पतालों में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाये जायेंगे। सीएमएचओ डॉ जेएस राजपूत ने बताया कि उक्त कार्यक्रम के तहत 60 वर्ष या उससे अधिक उम्र के वृद्धजनों के सघन स्वास्थ्य परीक्षण, जांच उपचार एवं उचित परामर्श के लिए निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किये जा रहे है, जिसमें असंचारी रोगों जैसे बीपी, डायबिटीज आदि मरीजों की स्क्रीनिंग एवं उपचार किया जावेगा तथा हडडी रोग, नेत्र रोग, दंत रोग, मानसिक रोग, नाक कान गला इत्यादि समस्याओं का परीक्षण एवं उपचार दिया जावेगा। इसके अलावा कैम्प में आए हुए समस्त पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड एवं हेल्थ आईडी कार्ड बनाकर वितरण किए जावेगें। वृद्धजनों की कमर दर्द, गर्दन दर्द आदि के मामलो में फिजियोथैरेपी के माध्यम से उपचार किया जायेंगा। शिविर में जागरूकता के लिए वृद्धजनों को घर पर कैसे करें अपने स्वास्थ्य की देखभाल के संबंध में राष्ट्रीय पहल फोल्डर दिया।

# 44 डिग्री तापमान में बिजली कटौती से आधा शहर गर्मी से हुआ हलाकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शनिवार को गर्मी के प्रकोप के चलते तापमान 44 डिग्री से भी अधिक रहा। ऐसे में शहर के आधे हिस्से की बिजली कटौती के चलते लोग गर्मी से हलकान रहे। ज्ञात रहे मानसून पर मेंटेनेंस के चलते बिजली विभाग ने शहर के चयनित क्षेत्र में सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक बिजली कटौती की थी। प्रबंधक वितरण केन्द्र श्योपुर द्वारा की गई पूर्व घोषणा के अनुसार 18 मई को सुबह 09 बजे से दोपहर 02 बजे तक प्री-मानसून लाइन मेंटीनेंस के चलते 33/11 केव्ही किला सब स्टेशन फीडर से लगने वाले कडेंल बाजार, बडा ईमामबाडा, चतरदास जी का टीला, भैस पाडा, हरिजन बस्ती, किला बगीची, कोली चौक, कुम्हार मोहल्ला, मसालदार मोहल्ला, मेवाती मोहल्ला, ईदगाह रोड, किला गेट, जैन मंदिर एवं नारनोल मस्जिद क्षेत्र में बिजली की आपूर्ति बंद रही। इस दौरान पंखे कूलर बंद होने से लोग हाथ से पंखा झलते दिखे।

---

# आरोपःगांव की बिजली बंद कर दबंग कर रहा चोरी की बिजली से खेतीबाड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

विजयपुर विकासखंड के ग्राम अर्रोदरी में एक दबंग द्वारा गांव को रोशन करने के लिए लगाई गई डीपी से घरेलू बिजली कनेक्शन काट कर खुद के खेत की सिंचाई के लिए बिजली चोरी करने की शिकायत ग्रामीणों ने कलेक्टर लोकेश कुमार से की है। शिकायत में बिजली विभाग के कर्मचारियों की सांठगांठ से बिजली चोरी करने के गंभीर आरोप भी ग्रामीणों द्वारा लगाए गए हैं।

कलेक्टर को भेजी शिकायत में उल्लेख किया गया है कि ग्राम अर्रोदरी के जाटव मोहल्ले की आबादी करीब 30 घरों की है यहां पर सभी अनुसूचित जाति वर्ग के लोग निवास करते हैं। इन गरीब ग्रामीणों को बिजली उपलब्ध कराने के लिए गांव में बिजली विभाग में जो ट्रांसफार्मर लगाया गया है उससे विगत 5 सालों से गांव का ही एक दबंग व्यक्ति अपने खेतों को संचित करने का काम कर रहा है। जब दबंग खेतों की सिंचाई करता है तो गांव की लाईट बंद कर देता है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि संबंधित दबंग के पास कोई बिजली कनेक्शन नहीं है लेकिन वह 5 साल से अपनी 25-30 बीघा जमीन की इसी डीपी से सिंचाई कर रहा है। गांव में दबंग का खौफ



है इसलिए लोग इसकी शिकायत सामने आकर नहीं करते हैं और लाइनमैन हर माह दबंग से नगद रुपए लेकर चला जाता है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से मौके पर पहुंचकर जांच करने की मांग करते हुए दबंग के खिलाफ कार्रवाई करने और ग्रामीणों को बिजली उपलब्ध कराने की मांग की। इस संबंध में बिजली कंपनी के उत्तर संभाग के महाप्रबंधक नागसेन सोमकुंवर का कहना है कि इस मामले की जांच करवाते हुए कार्रवाई की जाएगी।

# सगाई से इनकार करने पर बौखलाए युवक ने लहराई बंदूक,साथियों के साथ आकर की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

सगाई करने से इनकार करने पर एक युवक इतना बौखला गया कि वह बंदूक लहराते हुए लड़की को उठाने के लिए सेसईपुरा पहुंच गया और लड़की के माता पिता की घर में घुसकर मारपीट की। यह मामला सेसईपुरा थाना क्षेत्र का है। इस मामले में सेसईपुरा थाना पुलिस ने दो नामजद और दो अज्ञात सहित चार लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक ग्राम सेसईपुरा निवासी जगदीश गुर्जर की लड़की की सगाई मुरैना जिले के तिलौधा निवासी योगेन्द्र गुर्जर के



साथ करने की बात चल रही थी। लेकिन बाद में जगदीश को योगेन्द्र जमा नहीं है। इसलिए उसने अपनी बेटी की सगाई योगेन्द्र के साथ करने से इनकार कर दिया। इसका पता जब योगेन्द्र को लगा तो वह बौखला गया और अपने चार साथियों के साथ शुक्रवार को सेसईपुरा निवासी जगदीश गुर्जर के घर पहुंच गया और बंदूक लहराते हुए उसकी बेटी को उठाकर ले जाने की धमकी दी। जब परिवार के लोगों ने इसका विरोध किया तो योगेन्द्र ने साथियों के साथ मिलकर जगदीश और उसकी पत्नी की घर में घुसकर मारपीट कर दी और फिर साथियों के साथ भाग निकला। इसके बाद जगदीश गुर्जर ने सेसईपुरा थाने में पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। सेसईपुरा थाना प्रभारी अर्चना धाकड़ ने बताया कि इस मामले में जगदीश गुर्जर की रिपोर्ट पर योगेन्द्र गुर्जर, बलराम गुर्जर और दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

---

वर्षाकाल पूर्व नालों की सफ़ाई के साथ कलेक्टर ने सीएमओ को दिए निर्देश

# स्वच्छता सर्वेक्षण में कलेक्टर का मास्टर स्ट्रोक साबित हो सकता है सिंगल यूज प्लास्टिक अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

"सिंगल यूज प्लास्टिक अभियान" भारत सरकार की ऐसी योजना है जिसे राज्य सरकारों द्वारा अमल में लाने के बजाय इस मामले में फिलहाल औपचारिकता ही निभाई जाती रही है। श्योपुर जिले की बात करें तो इस अभियान को लेकर फिलहाल 2 साल में सिर्फ दो-तीन रैली निकालकर और दो-तीन व्यापारियों पर महज़ 200 से 500 रूपए जुर्माना और दो पांच किलो पॉलिथीन जब्त कर कारवाई की इतिश्री ही की गई है। अब जिस तरह से कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने वर्षा काल पूर्व ली ली गई समीक्षा बैठक में नालों की सफाई के साथ सिंगल यूज प्लास्टिक अभियान पर विस्तार से चर्चा की उससे लग रहा है कि वह सिंगल यूज प्लास्टिक अभियान को स्वच्छता अभियान में बाधा बन रही पॉलिथीन को चलन से बाहर करने की तैयारी में है। अगर ऐसा हुआ तो शहर को स्वच्छ सिटी बनाने की दिशा में कलेक्टर का यह मास्टर स्टॉक साबित हो सकता है।

वर्षा काल और जल भराव की स्थिति को लेकर कलेक्टर लोकेश कुमार ने समीक्षा बैठक आयोजित की और सीएमओ को निर्देश दिए कि वर्षा काल पूर्व सभी नालों की तला झाड़ सफाई कराई जाए। इस दौरान यह बात भी निकाल कर सामने आई कि जो नाले पहले साल भर में एक बार साफ़ होते थे अब वह नाले हर सप्ताह साफ होने के बाद भी लगातार ओवरफ्लो हो रहे हैं और इसकी मुख्य समस्या पॉलिथीन का अत्यधिक चलन है नालों में पॉलिथीन कचरे के रूप में निकल रही है जो नालों का बहाव रोकने के साथ पर्यावरण को नुकसान भी पहुंचा रही है। कलेक्टर ने सिंगल यूज प्लास्टिक अभियान के बारे में जानकारी ली तो बैठक में सन्नाटा पसर गया। इस मामले में अभी तक की गई औपचारिकता से कलेक्टर ने नाराजगी जताते हुए कहा कि जब हम शासन द्वारा बनाई गई अच्छी योजनाओं को अमल में ही नहीं लायेंगे तो फिर व्यवस्थाएं सुधर जाएं इसकी उम्मीद भी कैसे कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक अभियान के तहत सख्ती से काम किया जाए।



### दो साल पहले लागू हुआ था नियम

भारत सरकार ने सिंगल यूज या एक बार उपयोग होने वाले प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगा दिया है। पॉलीस्टायरीन और विस्तारित पॉलिस्ट्रीन सहित एक बार उपयोग होने वाले प्लास्टिक का निर्माण, आयात, भंडारण, वितरण, बिक्री और उपयोग पर प्रतिबंध संबंधी यह आदेश 1 जुलाई 2022 से प्रभावी हो चुका है। लेकिन अभी भी शहरों में धडल्ले से पॉलिथीन का उपयोग कर व्यापारी इस अभियान का मखौल उड़ाते दिख रहे हैं। इस अभियान को अमल में लाने वाली नगर पालिका कार्रवाई करने के बजाय हाथ पर हाथ रखे बैठी है।

### एकल-उपयोग या सिंगल यूज प्लास्टिक क्या हैं?

प्लास्टिक की ऐसी वस्तुएं जिन्हें केवल एक बार इस्तेमाल करने के बाद फेंक दिया जाता है। आमतौर पर इनका उपयोग पैकेजिंग में किया जाता है। इनमें किराना बैग, खाद्य पैकेजिंग, सिगरेट बट्स, प्लास्टिक की बोतलें, प्लास्टिक के ढक्कन, स्ट्रॉ और स्टिरर, प्लास्टिक के कंटेनर, कप और कटलरी का सामान शामिल हैं। अधिकांश प्लास्टिक नष्ट होने वाले या बायोडिग्रेडेबल नहीं होते हैं। इसके बजाय वे धीरे-धीरे छोटे टुकड़ों में टूट जाते हैं जिन्हें माइक्रोप्लास्टिक कहा जाता है।एक बार उपयोग होने वाले प्लास्टिक से पर्यावरण अव्यवस्थित होता है। अपर्याप्त अपशिष्ट प्रबंधन प्रणालियों का भी भारी प्रभाव पड़ता है।

# 315 बोर के कट्टे के साथ आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

अगरा थाना पुलिस ने एक आरोपी को 315 बोर के कट्टे के साथ अरेस्ट किया है। आरोपी कीरवाडा की पुलिया के पास वारदात के इरादे से घूम रहा था। पुलिस ने उसे अरेस्ट करने के बाद जेल भेज दिया है। अगरा थाना प्रभारी जेपीएस जादौन ने बताया कि शुक्रवार को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि कीरवाडा की पुलिया के पास एक युवक संदिग्ध हालत में घूम रहा है,जिसके पास हथियार है और वह मौका मिलते ही कोई वारदात घटित कर सकता है, इस सूचना पर पुलिस टीम को तत्काल मौके पर दबिश के लिए भेजा और आरोपी को दबोच लिया। आरोपी ने पूछताछ के दौरान अपना नाम हाफिज मोहम्मद पुत्र गनी मोहम्मद निवासी कीरवाडा थाना अगरा बताया है। आरोपी के कब्जे से 315 बोर का कट्टा और कारतूस जब्त किया गया है।

# सांडों ने कुचला बालक, गंभीर अवस्था में सवाई माधोपुर रेफर



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शनिवार को एक 6 वर्षीय बालक को सांडों ने रौंदकर घायल कर दिया। गंभीर रूप से घायल हुए इस बालक को परिजन चिकित्सकों के परामर्श के बाद इलाज के लिए सवाई माधोपुर ले गए। घटना ज़िला अस्पताल के सामने डॉक्टर कॉलोनी की बताई जा रही है।

शनिवार दोपहर को सोनू अपने पिता बलराम आदिवासी के साथ शनिवार को बाइक से कराहल से श्योपुर आया था। दोपहर के समय तेज गर्मी से बचने के लिए उन्होंने जिला अस्पताल के सामने डॉक्टर कॉलोनी की मुख्य सड़क पर लगे नीम के पेड़ की छांव में अपनी बाइक खड़ी कर दी। इस दौरान दो सांड लड़ते हुए उनकी बाइक के पास पहुंच गए और टक्कर मारकर बाइक पटक दी। इससे छह वर्षीय बालक सोनू के सिर में चोट लग गई। इसके बाद पिता बलराम उसे पहले जिला अस्पताल लेकर पहुंचा,जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद सवाई माधोपुर के लिए भेज दिया है।

## खबर संक्षेप

### अशोकनगर जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज



**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रो मे मारपीट की घटनाओ के कई मामले दर्ज किये गए है। जिले के शाढौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सतउखेडी निवासी रवि कुषवाह ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी भोलेराम कुषवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के शाढौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम काकाखेडी निवासी कमलसिंह रघुवंषी ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी भगवत षिवराज अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सिगपुर चाल्दा निवासी वर्षा आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी अनिल आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम धोरिया जिला षिवपुरी निवासी अमरसिंह धाकड ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आरोपी कुअरपुर के पास सियाराम लोधी भूरा लोधी भरत लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### दो बाइक आपस में टकराई

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने के अंतर्गत बमूरिया तिराहा ग्राम सहोदरी के पास दो बाइक आपस मे टकरा गई। दोनो बाइक चालको ने एक दूसरे के खिलाफ मामले दर्ज कराए है। एक पक्ष की ओर से रामदास अहिरवार निवासी गरौंली ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बाइक क्रमांक एमपी 67 जेड ए 7207 के चालक ने अपनी बाइक को तेजी व लापरवाही पूर्वक लहराकर चलाते हुए उसकी बाइक मे टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आई है। उधर दूसरे पक्ष की ओर से शिवजीत यादव निवासी छपराई ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि रामदास अहिरवार ने अपनी बाइक को लहराकर चालते हुए उसकी बाइक मे टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आई है।

### मर्ग की जांच पर से मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के बहादुरपुर थाने के अंतर्गत अशोकनगर रोड पर गैस एजेसी के सामने 14 फरवरी को एक बाइक रेलिंग मे जाकर टकरा गई थी। इस बाइक का नंबर एमपी 67 एमएच 4544 को सरवन केवट चला रहा था। जिसमे उसकी मृत्यु हो गई थी। उक्त मर्ग की जांच पर से पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### फांसी लगाकर महिला ने खुदकुशी की

**अशोकनगर।** जिले के बहादुरपुर थाने के अंतर्गत लक्ष्मी बाई अहिरवार पत्नी ओमप्रकाश अहिरवार उम्र 32 साल निवासी मंडी मोहल्ला बहादुरपुर ने अज्ञात कारणो से अपने ही घर मे फासी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

### दो बाइक आपस में टकराई, युवक घायल

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने के अंतर्गत ग्राम गरेठी थाना पिपरई निवासी रामदास पुत्र मेहताब सिह अहिरवार उम्र 43 वर्ष अशोकनगर से बाइक से गाव मे सब्जी बेचने प्रतिदिन जाता हैं घायल ने बताया कि गुरूवार को जब वह सब्जी लेकर जा रहा था उसका वाहन बमूरिया मोड पर था तभी सामने आ रहे बाइक चालक ने उसमे टक्कर मार दी जिससे वह घायल होकर घटना स्थल से 25 मीटर तक घिसट गया। जिससे उसे चोटे आई है टक्कर मारने वाली बाइक का नंबर एमपी 67 जेड ए 7207 घायल ने बताया।

### रखरखाव कार्य के लिए विद्युत प्रदाय बाधित

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के सहा.प्रबंधक उज्जवल बारंगे ने बताया कि 18 मई 2024 दिन शनिवार को विदिशा रोड फीडर पर रखरखाव कार्य किया जायेगा। जिससे 11 केव्ही फीडर विदिशा रोड से सुबह 8 से 11 बजे तक शिवपुरी पब्लिक स्कूल, लेण्डमार्क कॉलोनी, सूरज एग्रो, त्रिदेव मंदिर, रॉयल पैराडाईज, रॉयल पार्क ,दशमेष एग्रो क्षेत्रों में विद्युत प्रदाय बाधित रहेगा।

## कलेक्टर परिसर में रात भर लगती रही आग, सुबह 8 बजे पाया काबू

# दो नकाबपोश बदमाशों ने कलेक्टर ऑफिस में खिड़की से पेट्रोल डालकर लगाई आग







हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

शिवपुरी शहर में शुक्रवार की दरमियानी रात को शहर के बीचो बीच स्थित जिला कलेक्टर की ऑफिस में दो संदिग्ध नकाबपोश युवको ने मिलकर आग लगा दी। इसका पता अधिकारियों को शनिवार सुबह 5 बजे लगा, तब तक कई विभागों की फाइलें जलकर खाक हो गईं। पहले आग का कारण शॉर्ट सर्किट की वजह मानी जा रही थी। लेकिन कलेक्टर परिसर में लगे सीसीटीवी फुटेज को चैक किया गया तब मालूम चला की दो नकाबपोश बदमाशों ने पेट्रोल डालकर आग लगाई है।

जिला परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में शुक्रवार की रात करीब रात 12.18 बजे दो नकाबपोश बदमाश दिख रहे है जो परिसर के पिछले सिस्से से अंदर दाखिल हुए है। जिसमें से एक युवक की पीठ पर बैग टंगा हुआ दिखाई दे रहा है। दोनो बदमाश शिकायत शाखा के पिछले हिस्से की खिड़की पर पहुंचते हैं, जो वीडियो में दिख रहा है संभावना जताई जा रही है कि पहले बदमाशो ने एक बोतल में पेट्रोल भरकर खिडकी से अंदर फैका होगा इसके बाद माचिस की काडी से आग लगाई है। जैसे ही तेज धमाका हुआ तो दोनों बदमाश भाग गए।

### एडीएम की अध्यक्षता में की जाएगी जांच

मामले में कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी का कहना है कि दो युवक सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए हैं, जिन्होंने आग लगाई है। एसपी अमन सिंह राठौड़ ने भी वीडियो देखा है। पुलिस ने पड़ताल शुरू कर दी है। कलेक्टर ने यह भी बताया कि आग नाजिर के स्टोर रूम और नजूल के कुछ हिस्सों में लगी है। भू-अर्जन के हमारे रिकॉर्ड सुरक्षित हैं। कुछ रिकॉर्ड हमारा ऑनलाइन है, जिसे ले सकते हैं। हम एडीएम की अध्यक्षता में एक टीम बनाएंगे जो पूरे मामले की जांच करेगी। किस-किस रिकॉर्ड का नुकसान हुआ है, यह तो पूरी पड़ताल के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।



### रात भर लगी आग सोते रहे चौकीदार

जानकारी के मुताबिक रात के समय भी कलेक्ट्रेट में चौकीदार तैनात रहते हैं, फिर भी समय रहते आग लगने की सूचना समय पर नहीं मिल पाई। सुबह 5 बजे कलेक्ट्रेट परिसर के कई कमरों में धुआं उठा तब किसी ने इसकी सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी। इसके बाद मौके पर पहुंचे संबंधित अधिकारियों ने नगर पालिका की फायर बिग्रेड, पानी के टैंकर को बुलाकर आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। लेकिन जब तक कई रिकोर्ड जलकर खाक हो गए थे। आग पर काबू पाने के लिए एसडीआरएफ की टीम को भी बुलाया। सुबह 8 बजे तक आग पर काबू पाया गया।

### शॉर्ट सर्किट की वजह से पार्षद के मकान में भड़की आग, लाखों का हुआ नुकसान



शिवपुरी। शहर के सईसपुरा क्षेत्र में वार्ड पार्षद के मकान में आग भड़क गई। पड़ोसियों और फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पाया गया। आगजनी का कारण ऐसी में शॉर्ट सर्किट होना सामने आया है। बता दें कि इस मकान में वार्ड क्रमांक 35 से पार्षद मदन शेजवार उर्फ मट्टू खटीक के बड़े भाई मुकेश खटीक का परिवार निवास करता है। मुकेश खटीक का निधन एक सड़क हादसे में हो चुका है। जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 35 से पार्षद मदन शेजवार उर्फ मट्टू खटीक ने बताया कि घर में लगे ऐसी में शॉर्ट सर्किट हुआ और आग भड़क गई थी। जिसे पड़ोसियों और फायर बिग्रेड की मदद से बुझा लिया गया है। आगजनी की इस घटना में घर का फर्नीचर जलकर खाक हो चुका है। इसके अलावा घर का सामान और लाखों की नगदी भी जल गई हैं। इससे उनके परिवार को लाखों का नुकसान हुआ है।

## महाराष्ट्र के श्रद्धालुओं को रात्रि विश्राम के बाद किया रवाना





हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

जिले के कोलारस कस्बे में हाईवे पर शुक्रवार की दोपहर चार धाम यात्रा पर जा रहे श्रदालुओं से भरी बस में शार्ट शर्किट की वजह से आग लग गई थी इसके बाद प्रशासन ने मौके पर पहुंच कर मौरछा सभाल लिया था साथ ही सभी श्रदालुओं को कोलारस में रात्रि विश्राम कर रविवार की सुबह महाराष्ट्र के बुलढाणा रवाना कर दिया। सभी श्रद्धालुओं को प्रशासन की ओर से कोलारस कस्बे के गोपाल जी गार्डन में रात्रि विश्राम के लिए रुकवाया गया था। जहां उनके खाने-पीने से लेकर रात्रि विश्राम की सभी प्रकार की व्यवस्था प्रशासन की ओर से की गई थी। बता दें कि महाराष्ट्र से चार धाम यात्रा पर निकली बस में कोलारस कस्बे के पास फोरलेन हाइवे पर शॉर्ट सर्किट की वजह से आग भड़क गई थी। बस में 18 महिला, 12 पुरुष व 6 बच्चे सवार थे। बस में धुंआ उठता देख सवारियों की चींखपुकार सुनकर बस ड्राइवर ने बस रोक दी थी। इसके बाद तत्काल सभी यात्री उतर गए। कुछ ही देर में बस पूरी तरह जल गई। सूचना पर पहुंची कोलारस नगर परिषद की फायर बिग्रेड ने आग पर काबू पाया था। रात्रि विश्राम के दौरान श्रद्धालुओं ने बताया कि 30 कपल अपने बच्चों के साथ दो बसों में सवार होकर चार धाम की यात्रा के लिए महाराष्ट्र के बुलढाणा से 15 मई को निकले थे। बस में सवार ज्यादातर लोग शासकीय शिक्षक और उनके परिवार के थे। इस यात्रा की तैयारी पिछले तीन माह पहले की गई थी। लेकिन उत्तराखंड पहुंचने से पहले एमपी में प्रवेश करने के साथ ही एक बस में लगातार खराबी आई।

### सौ मीटर की दूसरी पर पहुंचते ही बस में हो गया था ब्लास्ट

बस में सवार ज्योति ने बताया कि वह बस की तीसरे नंबर की सीट पर सवार थी। उन्हीं की सीट के नीचे से सबसे पहले धुंआ उठना शुरू हुआ था। धुँआ देख उनकी चींख निकल गई थी। इसके बाद सभी ने होश में रहकर समझ से काम लिया। किसी ने भी अपने सामान पर्स आदि को उठाने का प्रयास नहीं किया। सभी लोग तत्काल बच्चों को लेकर नीचे उतर आए थे। ऐसे में अगर बस में सवार लोग अगर अपने सामान को उठाने में लग जाते तो निश्चित ही बड़ी घटना घट जाती। ज्योति ने बताया कि बस से निकलकर सभी लोग सौ मीटर के लगभग ही निकल पाए थे। कि बस में जोरदार धमाका हुआ था। इसके बाद 15 मिनट के भीतर बस पूरी तरह से जल गई थी।
-

### प्रशासन का किया धन्यवाद, बोले-महाराष्ट्र आने पर करेंगे स्वागत

छाया ने बताया कि सभी लोग एक साथ यात्रा पर निकले थे। लेकिन एक बस के जलने के साथ आधे साथियों के कपड़े से लेकर जरूरी सामान और पैसा-मोबाइल तक जल गया है। इसके चलते अब सभी लोगों ने अपनी यात्रा को स्थगित करते हुए वापस जाने का मन बनाया है। ईश्वर का आशीर्वाद रहा कि उनके साथ घटना घटित हुई लेकिन कोई भी सदस्य हताहत नहीं हुआ। लेकिन हमारा सामान जलकर ख़ाक हो गया। छाया ने बताया कि घटना के कुछ ही देर बाद प्रशासन मौके पर पहुंच गया था। इसके बाद उन्होंने हमारे ठहरने सहित खाने पीने का इंतजाम कराया था। वहीं गजानन पवार और उनके सहयोगियों ने बताया कि प्रशासन के द्वारा रात्रि में ही एक बस का प्रबंध हमें भेजने के लिए कर दिया था। रात में शिवपुरी कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी भी आकर उनसे मिले थे। प्रशासन के सहयोग के चलते हमें परेशानी से निजात मिली और अब हम अपने घर वापस जा रहे हैं। ऐसे आगामी समय में शिवपुरी जिले के प्रशासनिक अधिकारी महाराष्ट्र आएंगे तो उनका स्वागत किया जाएगा।

## बोरिंग के दौरान मशीन में भड़की आग, लपटो ने ट्रैक्टर को भी लिया अपनी चपेट में समय पर नहीं पंहुची



शिवपुरी जिले के खनियाधाना थाना के पीछे बोरिंग के दौरान अचानक बोरिंग मशीन में आग भड़क गई। बताया गया है कि सूचना के बाद भी समय पर न ही खनियाधाना पुलिस पहुंची और न ही फायर बिग्रेड पहुंची। इसके चलते बोरिंग मशीन पूरी तरह से जलकर ख़ाक हो गई। बोरिंग मशीन से उठीं आग की लपटों की चपेट में आने से एक ट्रैक्टर भी आगजनी का शिकार हुआ है। जानकारी के अनुसार सिलपुरा का रहने बाला बल्लू यादव क्षेत्र में बोरिंग का काम करने के लिए बोरिंग मशीन किराए पर लाया हुआ था। रविवार को खनियाधाना थाने के पीछे वार्ड क्रमांक 1 में बोरिंग मशीन द्वारा बोरिंग का काम किया जा रहा था। इसी दौरान बोरिंग मशीन में आग भड़क गई। इसकी सूचना तत्काल पुलिस सहित फायर ब्रिगेड को दी गई थी। लेकिन फायर बिग्रेड करीब एक घंटे बाद मौके पर पहुंची। लेकिन जब तक बोरिंग मशीन और ट्रैक्टर जलकर ख़ाक हो गया था। इस घटना में बोरिंग मशीन संचालक को लाखों का नुकसान हुआ है।

## नेहरू महा विद्यालय जनभागीदारी समिति की बैठक में लिए गए कई निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविघालय की जनभागीदारी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महेन्द्र भारद्वाज ने की । बैठक मे समिति के सदस्य और महाविघालय के स्टॉफ ने भाग लिया। इस दौरान समिति के सदस्य ने कहा कि यदि इच्छाशक्ति काम करने की हो तो कोई भी काम अधूरा नही रह सकता और काम करना ही नही हैं तो कोई भी काम पूरा नही हो सकता। उन्होने मौके पर मौजूद कर्मचारियो से कहा कि आप लोगो को अपने परिचय पत्र का बेच हमेशा कॉलेज परिसर मे लगाना चाहिए जिससे कि कॉलेज मे आने विघार्थीयो को पता चल सके कि आप इस कॉलेज के कर्मचारी हो उन्होने सुरक्षा गार्ड की पोस्ट पर तैनात जब सुरक्षाकर्मी से जानना चाहा कि आपकी तैनाती कहा पर है तब सुरक्षाकर्मी कहता हुआ नजर आया कि मुझे कॉलेज के मुख्य गेट पर तैनात किया गया हैं परंतु वहा रूकने के लिए कोई व्यवस्था नही की गई है। कॉलेज विल्डिंग के मुख्य गेट पर बार बार छात्र संगठनो द्वारा ताला लगाने की समस्या आती है। परंतु ऐसे छात्र संगठनो पर कॉलेज प्रशासन सख्त कार्यवाही क्यो नही करता क्योकि कॉलेज के गेट मे ताला लगने से जहा छात्र छात्राओ को परेशानी होती है। वही स्टॉफ को भी उतनी परेशानी होती है। समस्याओ का निदान कॉलेज मे बैठकर भी किया जा सकता है परंतु ऐसा होते हए कभी नजर नही आया। न ही छात्रो की समस्याओ को कम करने का प्रयास किया गया है। इस दौरान कॉलेज परिसर मे नवीन पौधे और वह भी छावदार पौधे लगाने पर भी चर्चा हुई। अध्यक्ष ने कहा कि ऐसा ही होगा। परंतु बडे होने पर छात्र छात्राओ को खूबसूरत भी लगे। इन पेडो के नीचे बैठे चर्चा करे। कालेज का विकास कैसे हो इस पर भी चर्चा करे न कि हर रोज नारेबाजी छात्र छात्राओ को परेशानी का कारण होता है। इसका प्रयास सभी को मिलकर करना चाहिए। कॉलेज के स्टॉफ को समय पर कॉलेज पहुचना चाहिए क्योकि स्टॉफ की शिकायत भी छात्रो द्वारा की जाती है और छात्रो का कोर्स भी समय पर पूरा होना चाहिए।

### जरूरतमंदों को रक्तदान करने आगे आ रहे युवा

**अशोकनगर।** युवाओं में रक्तदान को लेकर वेहद उत्साह है। जब भी किसी जरूरतमंद को रक्त की आवश्यकता पडती है वह रक्तदान करने से नही चूकते। अशोकनगर ब्लड हेल्प ग्रुप सदस्य संदल जैन ने शासकीय जिला चिकित्सालय अशोकनगर में भर्ती बीलाखेड़ा (करीला) निवासी एप्लास्टिक एनीमिया पीड़ति प्रसूता रामलेश बाई यादव के लिए एनीमिक केस में आकर बी पाजिटिव रक्तअर्पण किया,ब्लड बैंक में ब्लड ग्रुप उपलब्ध नहीं था परिजन परेशान थे 2 यूनिट ब्लड लगवाए । यह सातवां रक्तअर्पण था। इसी तरह अशोकनगर ब्लड हेल्प ग्रुप सदस्य सुखविंदर सिंह भुल्लर ने शासकीय जिला चिकित्सालय अशोकनगर में भर्ती परासरी निवासी थैलेसीमिया पीड़ति जियान खान के लिए ए पाजिटिव रक्तअर्पण किया,जियान को प्रति 10 दिन में ब्लड लगता है ब्लड बैंक में ब्लड ग्रुप उपलब्ध नहीं था। यह पांचवा रक्तअर्पण था।

## गेहूं खरीदी का लक्ष्य 80 हजार मीट्रिक टन

### अब तक कुल 8 मीट्रिक टन की खरीदी, 5 खरीदी केन्द्रों को बंद किया गया

**अशोकनगर।** अशोकनगर जिले में खरीदी केन्द्रों पर गेहूं की खरीदी की रफ्तार अत्यंत धीमी है। 20 मई तक गेहू की खरीदी की जाना थी।लेकिन अभी तक शासन द्वारा तय किए गए लक्ष्य के अनुसार 80 हजार मैट्रिक टन की तुलना मे कुल गेहू की खरीदी 8 मीट्रिक टन हुई है। यानि 10 प्रतिशत खरीदी ही हो पाई है। 5 खरीदी केन्द्रो पर गेहू की खरीदी शून्य होने के कारण इन केन्द्रो को बंद कर दिया गया है।

अशोकनगर जिले मे गेहू की खरीदी को लेकर बडे पैमाने पर तैयारिया की गई थी। इस बार उम्मीद जताई गई थी कि गेहू की खरीदी अच्छी हो सकती है। गेहू की खरीदी को लेकर भारतीय खाघ निगम के अधिकारी भी अशोकनगर पहुचे थे और यहा मंडी मे आने वाले गेहू से लेकर मध्यप्रदेश शासन की तमाम ऐजेसिया जो गेहू की खरीदी से जुडी है। उनसे चर्चा की गई थी। निगम के अधिकारियो के आने का उदेश्य यह था कि यहा जो भारतीय खाघ निगम के गोदाम बने है वह कही खाली न रह जाए अगर पर्याप्त मात्रा मे खरीदी नही हुई तो निगम के यह गोदाम खाली रहने की संभावना है। जिससे निगम को बडे पैमाने पर घाटा उठाना पडेगा। इस घाटे से बचने के लिए यहा आकर गेहू की खरीदी के प्रयास जाने गए थे और किसानो से भी चर्चा की गई थी।

अशोकनगर जिले मे गेहू की खरीदी को लेकर 9500 ने अपने पंजीयन कराए थे। इन पंजीयनो को लेकर किसानो को उम्मीद थी कि शासन द्वारा गेहू की खरीदी के साथ बोनस को मिलाकर अच्छे दाम प्रदान किए जाएगें। लेकिन ऐसा नही हुआ। जिले मे 26 खरीदी केन्द्र बनाए गए थे। इनमे से आधा दर्जन खरीदी केन्द्रो को छोड दे तो शेष खरीदी केन्द्रो पर कम मात्रा मे माल आया। 5 खरीदी केन्द्र तो ऐसे है कि जहा शुभारंभ भी नही हो सका। इन केन्द्रो पर जो व्यवस्था की गई थी वह सब व्यवस्था रखी रह गई। खाघ विभाग की कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी प्राची शर्मा ने बताया कि अशोकनगर जिले मे मात्र 8 मैट्रिक टन गेहू की खरीदी हुई है जो लक्ष्य से मात्र 10 प्रतिशत है। उन्होने बताया कि गेहू की कम खरीदी होने का कारण यह है कि सरकारी खरीदी केन्द्रो पर किसानो को 2400 रूपए प्रति क्विटल की राशि का भुगतान किया जा रहा था। जबकि गल्ला मंडी मे किसानो का गेहू इसी दाम पर या इससे अधिक राशि मे बिक रहा है। इसके अलावा किसानो को भुगतान के लिए इंतजार करना पडता है। मंडी मे किसानो को तत्काल नगद भुगतान हो जाता है। इस कारण किसानो का रूख मंडी की ओर अधिक है। इस कारण सरकारी खरीद कमजोर रही है। शासन की ओर से गेहू की खरीदी की अंतिम तिथि 20 मई है। शेष दिनो मे देखना है कि कितने प्रतिशत माल और आता है।


### रामलीला में किया गया रामजी के विवाहोत्सव का मंचन

**राजपुर।** रामलीला में गुरुवार रात्रि में राजा दशरथ जी बारात लेकर जनकपुर आए। बड़े धूमधाम के साथ ढोल नगाड़े बैंड बाजे आतिशबाजी के साथ बारात को नगर भिरमण कराया कराया गया बारात में घोड़ा बग्गी सजाई गई। जिसमें भरत शत्रुघ्न लक्ष्मण जी बैठे थे आगे युवा नाच गान करते हुए जय श्री राम जय श्री राम कहते हुए चल रहे थे। बाद जैसे ही रामलीला मंच के नजदीक पहुंचे तो वहां पर बारात के स्वागत के लिए खड़े थे जैसे ही बारात जनक पर पहुंची राजा जनक ने राजा दशरथ जी को गले से लगाकर धन्यवाद किया। बारातियों का स्वागत पूरी पकौड़ी कचैड़ी स्वादिष्ट भोजन से किया गया। बारात जैसे ही भोजन के लिए वेठी तों जनकपुरी की नारी गीत गाती हैं मथुर धुन में यह सुन अवधपुरी वासी वडे रुचीं से भोजन करतें है। श्री रामचंद्र जी के साथ सीता जी का विवाह बड़े विधि विधान से किया गया पांव पखराई की रस्म भी की साथ में भरत जी लक्ष्मण जी शत्रुघ्न का भी विवाह सम्पन्न हुआ।

## अस्पताल परिसर में वाहनों का जमावड़ा मरीज होते हैं परेशान, जिम्मेदार बेखबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





जिला अस्पताल मे वाहनो का ठेका होने एवं निर्धारित जगह होने के बाबजूद भी जिला अस्पताल के मुख्य गेट से लेकर ओपीडी ,प्रसूति ग्रह सिविल सर्जन कार्यालय के बाहर भी वाहन खडे दिखाई देते है। इन वाहनो मे दो पहिया वाहन अधिक होते है। जिससे रोगियो को लाने व ले जाने वाले वाहन चालको को जननी वाहन चालको को हर रोज परेशानियो का सामना करना पडता है। यह परेशानी रोगियो के साथ आने वाले परिवारजनो को भी करना पडती है। सबसे ज्यादा परेशानी गंभीर रोगियो और प्रसूतिकाओ को अस्पताल के गेट तक पहुचाने मे वाहन चालको को आती है। शुक्रवार को अस्पताल परिसर मे मौसमी बीमारियो के चलते जहा रोगियो की संख्या लगातार बढ रही है। वही रोगियो को लाने ले जाने एवं उन्हे देखने के लिए आने वाले परिचितो के वाहनो की संख्या लगातार बढती जा रही है शुक्रवार को यह स्थिति देखी गई कि प्रसूति वार्ड के वाहर बने रोगियो के बैठने के स्थान पर भी वाहन स्टेण्ड के संचालको द्वारा उक्त स्थान पर वाहन रखवा दिए गए है। इसके अलावा प्रसूति ग्रह के बाहर दो पहिया चार पहिया वाहन खडे नजर आए जिससे प्रसूतिकाओ और रोगियो को लाने वाले वाहनो को काफी परेशानियो का सामना करना पडा। इन परेशानियो को देखकर जिला अस्पताल के डॉक्टर बीएल टेगौर वाहन चालको से प्रसूति गृह के बाहर से अपने दो पहिया वाहन हटाने का अनुरोध करते हुए दिखाई दिए।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला बाल संरक्षण समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में जिला बाल संरक्षण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. नेहा जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कंवर एवं समिति के सदस्य मौजूद रहे। बैठक में कलेक्टर द्वारा बाल संरक्षण समिति के बाल संरक्षण/कल्याण के विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में कलेक्टर द्वारा समेकित बाल संरक्षण योजना अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं यथा स्पांसरशिप योजना के जिले के विभिन्न ग्रामों के अंतर्गत शेष रहे हितग्राहियों के चिन्हांकन की कार्यवाही करने संबंधी निर्देश दिए गए। बाल कल्याण समिति द्वारा समक्ष प्रस्तुत होने वाले बच्चों को विभिन्न पुलिस थानों में पदस्थ बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों के द्वारा समस्त दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत करने हेतु चर्चा की गई। बैठक में जिले को बाल श्रम शून्य किये जाने की कार्यवाही हेतु विभिन्न विभागों के समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए गए।